भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 607
(दिनांक 06.02.2024 को उत्तर देने के लिए)

बीआईएनडी योजना

607. डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दूरदर्शन और आकाशवाणी की भौतिक अवसंरचना में वृद्धि करने के उद्देश्य से प्रसार भारती की प्रसारण अवसंरचना नेटवर्क विकास (बीआईएनडी) योजना की पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या बीआईएनडी के बजट आवंटन में कोई परिवर्तन किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग): सरकार ने दूरदर्शन और आकाशवाणी की भौतिक अवसंरचना को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास के आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए विभिन्न घटकों के अंतर्गत 2021-26 की अवधि के लिए 2539.61 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम "प्रसारण अवसंरचना और नेटवर्क विकास (बीआईएनडी)" को जारी रखने को अनुमोदित कर दिया है। बीआईएनडी स्कीम के अंतर्गत अनुमोदित कुल परिव्यय में कोई बदलाव नहीं है।

***